# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–14 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करके उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत की उल्लेखनीय सफल कार्रवाई के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल भी पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है।

इस बीच, भारत सरकार ने ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ न्यूज एजेंसी और टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट को देश में प्रतिबंधित कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, देश में कथित रूप से पाकिस्तान के लिए झूठा प्रचार करने को लेकर उनके विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है।

एक अन्य घटनाक्रम में सीमा सुरक्षा बल के जवान पूर्णम कुमार शॉ आज सुबह देश लौट आए। तेईस अप्रैल को पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद उन्हें पाकिस्तानी रेंजरों ने गिरफ्तार कर लिया था।

**********

केंद्र सरकार ने प्रदेश के जेवर हवाई अड्डे के पास सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में कैबिनेट की बैठक के बाद यह जानकारी सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बातचीत में दी। उन्होंने कहा कि यह इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम के साथ भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत स्थापित की जाएगी। इस संयंत्र को प्रति माह बीस हजार वेफर्स के लिए डिजाइन किया गया है और इसकी डिजाइन आउटपुट क्षमता छत्तीस मिलियन यूनिट प्रति माह है। उन्होंने कहा कि जेवर में नई सेमीकंडक्टर इकाई में तीन हजार सात सौ  करोड़ रुपये का निवेश आएगा।

**********

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के बावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**मैं भूषण राम कृष्ण गवई, जो भारत के उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति नियुक्त हुआ है। सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं विधि द्वारा सत्यापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूगां। मैं भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रखूगां।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को सामाजिक अपराध की श्रेणी में रखते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनकी तस्वीरें सार्वजनिक स्थानों पर लगाई जाएं। मुख्यमंत्री ने दूध और दुग्ध उत्पादों की जांच के लिए विशेष टीमें बनाने को कहा। साथ ही उन्होंने पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर प्रभावी नियंत्रण का भी निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस के साथ विभागीय समन्वय बनाते हुए प्रवर्तन कार्रवाई करने को कहा ताकि नकली दवाओं के कारोबार पर अंकुश लग सके। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।**

इस अवसर पर फूड सेफ्टी कनेक्ट मोबाइल एप और टोल फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य पांच पांच तीन तीन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर आने वाली किसी भी शिकायत का निस्तारण तभी माना जाए, जब शिकायतकर्ता संतुष्ट हो। उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया भी शुरू करने का निर्देश दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयोजित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया ने भारत की सेना के बहादुर जवानों के पराक्रम और शौर्य का लोहा माना है। देश के जवानों ने दुनिया को संदेश दिया है कि अगर कोई छेड़ेगा तो उसको छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ काम करना होगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सहित कई वरिष्ठ मंत्री और पार्टी के नेतागण शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

**********

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत लखनऊ में आज राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकमाता के व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये जा रहे कार्यों के बारे में भी उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी दी।

**********

भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच मौसम विज्ञान विभाग ने सत्रह से लेकर बीस मई तक प्रदेश में कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। मौसम में इस बदलाव से अधिकतम तापमान में गिरावट की भी संभावना है।

**********